श्री सुरभ्यै नमः

पंजीयन क्रं. - 122202431798

# छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति

गुरू गोविंद सिंह नगर, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)

Website - https://gausevacg.org Email - gausevacg@gmail.com

क्रमांक 513 / गौ विज्ञान / 2025

दिनांक 19/11/2025

प्रति

प्राचार्य
समस्त बीएड, डीएड महाविद्यालय,
छत्तीसगढ़

विषय- आपके महाविद्यालय का संस्था के पोर्टल www.gausevacg.org में पंजीयन एवं बीएड, डीएड पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों का वालेंटियर के रूप में पंजीयन बाबत।

संदर्भ- आयुक्त उच्च शिक्षा, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर का आदेश क्रमांक 1887 / 727 / आउशि/सम. / 2025 दिनांक 04/08/2025

==0==

संदर्भित विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 10/11/2025 को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर के अध्ययनशाला में प्रदेश के बीएड , डीएड संचालित महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं विभिन्न विश्विद्यालयों से आए हुए नोडल की संपन्न बैठक में हुई चर्चानुसार आपसे अनुरोध हैं कि ....

1 गौ विज्ञान परीक्षा हेतु संस्था के पोर्टल www.gausevacg.org में यदि आपके महाविद्यालय का अभी तक पंजीयन नहीं हुआ है तो कृपया उस कार्य को अविलंब पूर्ण कर लेतें।

2 आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएड एवं डीएड के सभी विद्यार्थियों का पंजीयन गौ विज्ञान परीक्षा में परीक्षार्थी के रूप में करने का कष्ट करेंगे। ध्यान रहे अंतिम तिथि 30 नवंबर है।

3 समस्त बीएड एवं डीएड के विद्यार्थियों का पोर्टल www.gausevacg.org में इस अभियान हेतु वॉलेंटियर के रूप में करने का कष्ट करेंगे। सभी विद्यार्थी पोर्टल में ऑनलाइन फॉर्म भरकर अपने को वॉलेंटियर के रूप में पंजीकृत करेंगे। पोर्टल में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध है। 29 नवंबर तक पंजीयन कार्य पूर्ण करेंगें

4 सभी वॉलेंटियर को दिनांक 1/12/2025 से 5/12/2025 तक प्रतिदिन शाम 6.00 से 8.00 तक online प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिसमें देश के प्रमुख वैज्ञानिक/विचारक द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। लिंक सभी को शेयर की जाएगी।

5 समस्त वॉलेंटियर अपने सुविधानुसार 8 दिसंबर से 31 दिसंबर के मध्य कोई भी 5 दिन किसी भी विद्यालय का चयन कर पांच दिनों तक उस विद्यालय में सभी बच्चों को गाय और विज्ञान विषय पर जनजागरण करते हुए बच्चो को शाक वाटिका निर्माण का भी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

6 सभी वॉलेंटियर को संस्था द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

गौ संरक्षण एवं संवर्धन के इस अभियान में आपका सहयोग प्रार्थनीय है...

सुबोध राठी
अध्यक्ष एवं गौ विज्ञान परीक्षा प्रमुख